# आकाशवाणी शिमला
## 21.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

**मानसून सत्र**

प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र का आज चौथा दिन है। आज गैर सरकारी सदस्य दिवस है जिसमें विभिन्न सदस्य अपने संकल्प प्रस्तुत करेंगे।

**भाजपा कार्यकारिणी**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डाक्टर राजीव बिंदल ने प्रदेश कार्यकारिणी का गठन कर दिया है जिसमें 35 पदाधिकारी शामिल किए गए हैं। पदाधिकारियों की सूची में इस बार उपाध्यक्ष और सचिवों की संख्या 6 से बढ़ाकर 8 की गई है। जारी सूची के अनुसार 8 उपाध्यक्ष, 3 महामंत्री, 8 सचिव और कोषाध्यक्ष चुने गए हैं। इसके अलावा पार्टी के 7 अग्रणी संगठनों के अध्यक्षों के नामों की भी घोषणा हुई है। इसके साथ ही आज राजीव बिंदल ने पार्टी संयोजक और सह संयोजक की भी नियुक्ति की है।

**रजनी पाटिल**

इधर कांग्रेस कार्यकारिणी के गठन को लेकर भी कवायद शुरू हो गई है। बीते दिनों दिल्ली में कांग्रेस आलाकमान और राहुल गांधी के साथ प्रदेश के नेताओं की बैठक के बाद आज से प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल का शिमला दौरा प्रस्तावित है। अपने 3 दिवसीय दौरे के दौरान पाटिल पार्टी के बड़े नेताओं और अग्रणी संगठनों से जुड़े नेताओं से मंत्रणा करेंगी। फीडबैक के आधार पर जल्द कांग्रेस अध्यक्ष सहित कार्यकारिणी के गठन की उम्मीद है।

**पौंग बाँध जलस्तर**

मॉनसून की वर्षा से नदियों में जल स्तर लगातार बढ़ रहा है। बढ़ते जलस्तर के चलते पौंग बांध से आज दो–दो घंटे के अंतराल पर 2 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जाएगा। धीरे–धीरे छोड़े जाने वाले पानी की कुल मात्रा 75 हजार क्यूसेक तक पहुंचेगी। प्रशासन ने अलर्ट जारी करते हुए ब्यास नदी के किनारे से 50 मीटर दूरी तक के घर खाली करवाने शुरु कर दिए हैं। एसडीएम फतेहपुर विश्रुत भारती ने बताया कि प्रभावित लोगों के लिए राधा स्वामी सत्संग भवन, बडूखर में राहत कैंप बनाया गया है। अब तक 23 परिवारों के 107 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।

**वरिष्ठ नागरिक दिवस**

आज राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन हमारे समाज में वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, उनके अनुभव और ज्ञान को महत्व देने और उनके योगदान को स्वीकार करने के लिए मनाया जाता है। इस अवसर पर आज संचार लेखा नियंत्रक कार्यालय शिमला द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें पेंशनभोगियों के लिए विशेष आयुष कार्यशाला और निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में पेंशनभोगियों को स्वास्थ्य, योग, आयुर्वेद, वित्तीय सुरक्षा और डिजिटल सुविधाओं के बारे में मार्गदर्शन मिलेगा। इसी प्रकार रोटरी क्लब शिमला द्वारा भी आज शिमला में वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन होगा।

**राष्ट्रीय कृमि दिवस**

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर आज प्रदेश भर में स्कूलों और आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से 19 वर्ष तक के बच्चों को कृमि मुक्ति दवा खिलाई जाएगी। इसका उद्देश्य बच्चों में पेट के कीड़े की रोकथाम है जो बच्चों में एनीमिया और रक्त की कमी जैसे रोगों के मुख्य कारण हैं। यह मुक्ति दिवस वर्ष में दो बार अगस्त व फरवरी माह में आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर बच्चों को कृमि मुक्ति दवा खिलाने के साथ–साथ हाथों की सफाई, पूर्ण स्वच्छता के विषय में जागरूक करने और डायरिया, एनीमिया, क्षय रोग से बचाव के बारे में अवगत करवाने का अभियान चलाया जाता है। आज दवा पाने से छूटे बच्चों को आशा कार्यकर्ताओं द्वारा अगले कुछ दिनों तक घर–घर जाकर एल्बेंडाजोल दवाई खिलाई जाएगी।

**मानसून सीजन**

हमीरपुर जिला में इस मानसून सीजन के दौरान बारिश से 135 करोड़ रूपए से अधिक की सरकारी और निजी संपत्ति को नुकसान हुआ है। उपायुक्त अमरजीत सिंह ने बताया कि जिले में जल शक्ति विभाग को सबसे अधिक 72 करोड़, लोक निर्माण विभाग को 58 करोड़ जबकि बिजली बोर्ड को एक करोड़ से अधिक का नुक्सान आंका गया है। उन्होंने बताया कि सभी विभागों के अधिकारियों को अपने क्षेत्र में हुए नुकसान के विस्तृत आंकलन के निर्देश दिए गए हैं। वहीं धर्मशाला में भी बीते दो दिनों में हुई बारिश के कारण भू स्खलन से कई सड़क मार्ग बाधित हुए हैं। बारिश से धर्मशाला नगर निगम क्षेत्र में 6 करोड़ से अधिक का नुकसान आंका गया हैं